हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–333 : जौनपुर, बुधवार 20 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## युद्ध रोकने के मूड में नहीं है अमेरिका : यूक्रेन को देगा एक और सैन्य सहायता पैकेज

नई दिल्ली एजेंसी : रूस–यूक्रेन के बीच जंग का आज 56वां दिन है। दोनों देश एक दूसरे के सामने झुकने के लिए तैयार नहीं है। रूसी सेना आए दिन जहां और भी अधिक हमलावर होती जा रही है वहीं यूक्रेनी सेना अमेरिका और अन्य बड़े देशों की मदद से युद्ध में डटकर खड़ी है। इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने जानकारी दी है कि अमेरिका यूक्रेन को एक और सैन्य सहायता पैकेज मुहैया कराएगी। रूस की सेना दुनिया की सबसे क्रूर सेनाः जेलेंस्की यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस की सेना दुनिया की सबसे क्रूर सेना है। उसे मानवता से कोई लेना–देना नहीं है। युद्ध समाप्त करने के मूड में नहीं अमेरिका रूस के वर्चस्व को कम करने के लिए अमेरिका भी नहीं चाहता है कि यह महायुद्ध समाप्त हो। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि अमेरिका एक बार फिर से यूक्रेन को सैन्य सहायता पैकेज मुहैया करने जा रहा है।युद्ध रोकने के मूड में नहीं है अमेरिका, यूक्रेन को देगा एक और सैन्य सहायता



पैकेज रूस–यूक्रेन के बीच जंग का आज 56वां दिन है। दोनों देश एक दूसरे के सामने झुकने के लिए तैयार नहीं है। रूसी सेना आए दिन जहां और भी अधिक हमलावर होती जा रही है वहीं यूक्रेनी सेना अमेरिका और अन्य बड़े देशों की मदद से युद्ध में डटकर खड़ी है। इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने जानकारी दी है कि अमेरिका यूक्रेन को एक और सैन्य सहायता पैकेज मुहैया कराएगी।

## परामर्शदाता ने एनईआर जीएम से की रेल दुकानों के आवंटन में भ्रष्टाचार की जांच की मांग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के परामर्शदाता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने महाप्रबंधक को पत्र भेजकर गोण्डा जं में रेल की 30 दुकानों के आवंटन व अनुरक्षण में भ्रष्टाचार रेल परिसर में अराजक तत्वों के जमावड़े का आरोप लगाते हुए जांच के व समुचित कार्रवाई का अनुरोध किया है। जीएम को लिखे गए पत्र में श्री श्रीवास्तव ने रेल अधिकारियों पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोप में कहा है कि गोण्डा जं0 रेलवे स्टेशन रोड से मुख्य शहर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग पर रेलवे परिसर के अन्तर्गत बनी हुई दुकानों के आस–पास अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है। सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के नाम से आवंटित दुकानों के आवंटन में हुए भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के परिप्रेक्ष्य में पूर्व में किए गए अनुरोध पर कोई कार्रवाई न होने से दुकानों पर काबिज अवैध कब्जेदारों का मनोबल दिन–प्रतिदिन बढ़ गया है। रेलवे के निर्माण/इंजीनियरिंग /रेल सुरक्षा बल /राजकीय रेलवे पुलिस के सक्षम एवं जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अवैध तरीके से वसूली की जा रही है। परामर्शदाता श्री श्रीवास्तव ने महाप्रबंधक से मांग करते कहा कि यदि एक माह के अन्दर समुचित कार्यवाही नहीं की गई तो मई के अन्तिम सप्ताह में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि गोण्डा जं0 रेलवे परिक्षेत्र में लगभग 30 दुकानें कई वर्ष पूर्व से रेलवे में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के नाम से आवंटित है। अब इन दुकानों में खरीद– फरोख्त का खेल शुरु हो गया है। अनाधिकृत रूप से काबिज कई दुकानदारों ने रेल परिसर के खाली हिस्सों में कब्जा कर रखा है। रेल परिक्षेत्र के आसपास अराजक तत्वों की भरमार रहती है। जिससे आने–जाने वाले रेल यात्री एवं आम नागरिक अराजक तत्वों की गुण्डई एवं बदमाशी का आए दिन शिकार होते हैं। स्थानीय रेल अधिकारी अवैध कब्जेदारी अतिक्रमण से लेकर अराजक तत्वों की गतिविधियों में संरक्षक की है और सब कुछ जानते हुए भी विभाग के सम्बन्धित अधिकारी उदासीन होकर अवैध धन वसूली एवं अवैध कब्जेदारी में संलिप्त हैं।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## बदला हुआ नजर आएगा सदन : विधानसभा में सीटें 379 से बढ़कर 404 हुई : और भी बढ़ेंगी

लखनऊ ब्यूरो : 18वीं विधानसभा में सदन बदला–बदला नजर आएगा। तमाम लोगों को शायद यह पता न हो कि विधानसभा के लिए जितने सदस्य निर्वाचित होते रहे हैं, सदन में उतने सदस्यों को बैठने के लिए भी सीट नहीं थीं। अब 18वीं विधानसभा की पहली बैठक से सभी सदस्यों की अपनी तय सीट होगी। इसके लिए सदन में सीटों को बढ़ाने का काम तेजी से चल रहा है। इसी तरह 'ई–विधान' व्यवस्था लागू कर सदन कई अन्य नई पहल की ओर कदम बढ़ाने जा रहा है। विधानसभा सदन में 403 विधायकों और एक महाधिवक्ता को मिलाकर कुल 404 सीटों की आवश्यकता होती है। इसके अलावा विधान परिषद सदस्य के रूप में मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री भी विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने व प्रश्नों का जवाब देने के लिए उपस्थित होते हैं। इनके लिए भी विधानसभा में अतिरिक्त सीटों की आवश्यकता होती है। ऐसे में सदन में नियमित तौर पर 404 से अधिक सदस्यों के बैठने के लिए सीटों की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी तक सिर्फ 379 सदस्यों के ही बैठने की व्यवस्था रही है। पर्याप्त सीट न होने से विधायकों का स्थान भी निश्चित नहीं था। इससे दलीय व्यवस्था में निर्धारित सीटों में जो सदस्य जहां स्थान पाता था, बैठ जाता था। बैठकों के दौरान तमाम सदस्यों की अनुपस्थिति की वजह से यह व्यवस्था चलती आ रही थी। यही व्यवस्था तब भी थी जब उत्तराखंड गठन के पूर्व विधानसभा सदस्यों की संख्या 425 हुआ करती थी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस समस्या के स्थायी समाधान की पहल की है। विधानसभा की सीटें बढ़ाई जा रही हैं। महाना ने बताया कि विधानसभा में 25 सीटें बढ़ाने का काम पूरा हो गया है। अब विधानसभा में सीटों की संख्या 379 से बढ़कर 404 हो गई हैं। यह सभी 403 निर्वाचित सदस्यों व महाधिवक्ता के लिए आवश्यक 404 सीटों के बराबर है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि प्रत्येक सदस्य की सीट सुनिश्चित करने का रास्ता बन गया है। विधानसभा की आगामी बैठक में सदन में प्रत्येक सदस्य का स्थान सुनिश्चित होगा। साथ ही प्रत्येक सदस्य की सीट पर टैबलेट फिक्स किए जाने का प्रयास है। इस पर सदन व सदस्य से संबंधित पूरी जानकारी उपलब्ध होगी। सदस्यों के सवालों का जवाब भी इस पर उपलब्ध होगा। यह पेपरलेस सदन की ओर




एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि विधानसभा को पेपरलेस करने की कार्यवाही लोकसभा की तर्ज पर की जा रही है। एमएलसी से मंत्री बनने वालों के लिए भी बढ़ेंगी कुछ सीटें विधान परिषद वाले मंत्रियों के लिए भी कुछ सीटें बढ़ाने का प्रयास हो रहा है। 10–12 सीटें बढ़ाने की योजना है। ऐसे में सदन में कुल सीटों की संख्या 410–412 तक हो सकती है। वर्तमान में विधान परिषद के 9 सदस्य प्रदेश मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं, जबकि पांच किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। इन पांच को भी आगे परिषद के जरिए आना तय माना जा रहा है। वरिष्ठता के अनुसार विधायकों को सीट तय करने की तैयारी विधानसभा सदन में प्रत्येक विधायक की सीट तय करने की पहल में विधायकों को उनकी वरिष्ठता के अनुसार सीट तय करने का भी प्रस्ताव है। विधानसभा अध्यक्ष महाना ने बताया कि सभी दलों से वरिष्ठ सदस्यों का नाम मांगा जाएगा। उसी के अनुसार सीट तय की जाएगी। प्रश्नकाल में अधिकाधिक सवालों का जवाब दिलाने की कोशिश विधानसभा अध्यक्ष सदन में ज्यादा से ज्यादा प्रश्नों का जवाब दिलाने का रास्ता निकालने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रश्नकाल में कुछ प्रश्नों पर अनुपूरक इतने अधिक हो जाते हैं कि तमाम अन्य प्रश्नों के जवाब के लिए समय नहीं बचता है। इससे दूसरे सदस्यों के अधिकारों पर असर पड़ता है। इसके लिए सभी दलीय नेताओं से चर्चा कर प्रश्नों पर अनुपूरक सवाल की संख्या तय करने के विकल्प पर विचार किया जाएगा। कोई व्यवस्था सदस्यों की सहमति से ही लागू होगी।

## मास्क लगाना जरूरी करें, स्कूलों में बच्चों को कोविड प्रोटोकॉल पर जागरुक करें : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर कहा कि पिछले कुछ दिनों से विभिन्न राज्यों में कोविड के केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एनसीआर के जिलों में भी इसका प्रभाव है। विगत 24 घंटे में गौतमबुद्ध नगर में 103 और गाजियाबाद में 33 नए पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। एनसीआर के जिलों तथा लखनऊ में सभी के लिए सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाने की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन के लिए जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को टीम 9 की बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर हमें सतर्क रहना होगा। यथा आवश्यक स्कूलों में कोविड प्रोटोकॉल के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाए। एनसीआर के जनपदों (गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत) तथा लखनऊ जनपद में टीकाकरण से छूटे लोगों को चिन्हित कर वैक्सीनेट किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए। प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 856 है। विगत 24 घंटों में 01 लाख 13 हजार कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 170 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 110 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। हमें



पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी। कोविड टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषप्रद है। किंतु बच्चों के टीकाकरण को और तेज करने की आवश्यकता है। 30 करोड़ 86 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 86.69 प्रतिशत से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 94.26 प्रतिशत किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है। 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को पहली डोज के बाद अब पात्रता के अनुसार दूसरी डोज भी दी जाए। 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को बूस्टर डोज लगाए जाने में तेजी की अपेक्षा है। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी नागरिक टीकाकवर से वंचित न रहे। बूस्टर डोज की महत्ता और बूस्टर टीकाकरण केंद्रों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए।

## द ट्राइटन होटल में पिड विच बैसाखी की रही धूम

छत्तीसगढ़ ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : बैसाखी का त्योहार पहली बार किसी होटल में बेहद धूमधाम से मनाया गया छत्तीसगढ़ का सबसे शानदार होटल द ट्राइटन होटल में बैसाखी के उपलक्ष्य में शानदार कार्यक्रम का आयोजन रखा जहाँ पर कस्टर को मनोरंजन व स्वाद का आनंद बेहद ही खास तरीके से परोसा गया तीन दिन के इस आयोजन में अलग अलग तरह की प्रतियोगिता गीत सँगीत का आयोजन रखा गया होटल के खुशनुमा वातावरण को कस्टर के साथ छत्तीसगढ़ के मॉडल सँगीत कारो का शानदार सहयोग मिला बैसाखी की थीम पर होटल



की पूरी साज सजा कराई गई अलग अलग व्यजंन रखें गये जिसे केवल 599 में लोगो तक पहुचाया गया द ट्रीयन होटल के मालिक के अनुसार यहाँ पर क्वालिटी के साथ कस्टर के स्वाद का खास ध्यान रखा गया ताकि लोगो के उत्साह में किसी भी प्रकार की कमी ना रहें इवेंट मैनेजमेंट के अनुसार बहुत जल्द इस होटल की और भी शाखये खुलनी वाली है जहां पर कस्टर की हर छोटी बड़ी सुविधा का बारीकी से ध्यान रखा जाएगा बहुत जल्द होटल की प्रसिद्ध उसके नाम के साथ बेहद आलीशान हो जाएगा इस होटल में इंटियर के साथ लोगो को अपने गांव की छाव व अपनापना भी मिला जिस तरह स्वाद लजीज था उसी तरह वहाँ पर काम करने हर कर्मचारियों का व्यवहार है जहां पर आपको घर जैसा अनुभव मिलता है उत्साह हो पर उत्साह में आप अपनो के साथ एक यादगार लम्हा बिता सकते हैं।

## लाखों कर्मचारियों के लिए खुशखबरी : यूपी में अप्रैल के वेतन के साथ बढ़े डीए के भुगतान की तैयारी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के लाखों कर्मचारियों व पेंशनरों को तीन प्रतिशत बढ़ा महंगाई भत्ता व महंगाई राहत अप्रैल के वेतन के साथ मई में देने का प्रस्ताव है। बढ़ा डीए लागू होने से महंगाई भत्ता 31 से बढ़कर 34 प्रतिशत हो जाएगा। केंद्र जनवरी से अपने कर्मचारियों के वेतन में तीन फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा चुका है। प्रदेश के 16 लाख से अधिक कर्मचारी व 11 लाख से अधिक पेंशनर बढ़ा डीए मिलने का इंतजार कर रहे हैं।सूत्रों ने बताया कि वित्त विभाग ने जनवरी से 3 फीसदी बढ़े डीए की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। इसमें जनवरी से मार्च तक का डीए एरियर के रूप में जबकि अप्रैल के वेतन के साथ मई में नकद भुगतान का प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वीकृति के बाद बढ़े डीए के भुगतान पर फैसला हो सकेगा।

## रजनीश राय द्वारा तहसील केराकत का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय द्वारा तहसील केराकत का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया कि उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार रात में तहसील में ही रुकना सुनिश्चित करें। जनता की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, सभी स्टाफ समय से कार्यालय में मौजूद रहे, कार्यालय में आने वाले लोगों से अच्छा व्यवहार किया जाए। तहसील में आने वाली शिकायतों का निस्तारण एक बार में ही कर दिया जाए ताकि शिकायतकर्ताओं को बार–बार तहसील में आना न पड़े।

## सैकड़ो मरीजो ने उठाया निःशुल्क कैम्प का लाभ : डॉ अवनीश कुमार सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर स्थित यश हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ऑर्थों सर्जन डॉ. अवनीश कुमार सिंह ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क जाँच कर के मरीजों के कर । वहीं बीएमडी जांच, यूरिक एसिड, शुगर, सीआरपी, ईएसआर, बीपी आदि का निःशुल्क जांच भी किया गया। सैकड़ों मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। इस मौके पर डा. सिंह ने बताया कि कई मरीजों के पास पैसों की कमी होने की वजह से महंगी जांच करवाने में असमर्थ होते हैं जिस कारण उनको सही इलाज नहीं मिलता है और वे गंभीर बीमारी के शिकार हो जाते हैं। इस तरह के निःशुल्क शिविर खासकर उन लोगों के लिये ही उपयोगी होते हैं। निःशुक्ल जांच के साथ–साथ उचित सलाह एवं दवा से मरीज जल्द ही स्वस्थ हो जाते हैं। डॉ. अवनीश कुमार सिंह ने शिविर में उपस्थित सभी मरीजों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. हेमंत तिवारी फिजियोथिरेपिस्ट, अभिषेक, चंदन, पवन, अरुण, अलीम, सिस्टर आकांक्षा,वर्षा, नीतू, सदाम,अंकित अभिषेक पुष्कर, विवेक, दीपांकर, पीआरओ त्रिभुवन विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## 23 को आएंगे बाबा रामदेवः वाराणसी की जनता को सिखाएंगे योग और प्राणायाम के गुण : बरजीगांव में लगेगा निशुल्क शिविर

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी की जनता बाबा रामदेव से योग और प्राणायाम के गुण सीखेगी। योग गुरु बाबा रामदेव का योग शिविर 24 अप्रैल को पिंडरा तहसील के बरजीगांव के बनारस पब्लिक स्कूल में आयोजित होगा। एक दिवसीय निशुल्क योग शिविर की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाबा रामदेव योग शिविर में आम जनता को योग की बारीकियां और प्राणायाम के बारे में प्रशिक्षित करेंगे। बाबा रामदेव के साथ सेवानिवृत्त आईएएस एनपी सिंह भी मौजूद रहेंगे। बनारस पब्लिक स्कूल के



प्रधानाचार्य एके शुक्ला ने बताया कि बाबा रामदेव 23 अप्रैल को बनारस पहुंचेंगे। 24 अप्रैल की सुबह विद्यालय के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह पांच से साढ़े नौ बजे तक चलेगा। एक दिवसीय योग शिविर पूरी तरह से निशुल्क है। इस शिविर में कोई भी प्रतिभाग कर सकता है। शिविर में बाबा रामदेव योग और प्राणायाम का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत ऋण दिये जाने हेतु हाई स्कूल पास जरुरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र हर्ष प्रताप सिंह ने सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर–प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 में ऋण दिये जाने हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थी को हाई स्कूल पास एवं आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। उद्योग क्षेत्र हेतु अधिकतम रू0 25 लाख सेवा क्षेत्र हेतु अधिकतम रू0 10 लाख स्वरोजगार स्थापनार्थ हेतु बैंक द्वारा ऋण प्राप्त किया जा सकता है, जिसमें अधिकतम 25 प्रतिशत अनुदान की ब्यवस्था भी है। आवेदन करने हेतु बेवसाइड www.diupmsme.upsdc.gov.in पोर्टल पर आन–लाइन आवेदन भरे जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयःउपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र जौनपुर से सम्पर्क कर सकते हैं।



–सुविचार–

सभी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं का मूल कारण ही है आध्यात्मिक इच्छा का अपूर्ण होना।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## कोरोना : इस 'लहर' से न घबराएं, देश में संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच यह कहना कितना सही है?

वर्तमान में, भारत में ओमिक्रॉन और इसकी उप–वंश बीए.1, बीए.2 और पुनः संयोजक एक्सई (बीए.1 और बीए.2 का मिश्रण) आ रहे हैं। एक्सई के कुछ पुष्ट मामले भी चिंता का कारण नहीं हैं, क्योंकि यह एक नया संस्करण नहीं है, बल्कि ओमिक्रॉन का ही एक उप–प्रकार है। यह जानते हुए कि भारत में तीसरी लहर ओमिक्रॉन के कारण आई थी, यह मानने का पूरा वैज्ञानिक कारण है कि एक्सई, बीए.2 या कोई अन्य ओमिक्रॉन उप–वंश देश में नई लहरें पैदा नहीं करेगा।

भारत के कुछ राज्यों में, खासतौर से दिल्ली और हरियाणा में, कोविड–19 के दैनिक नए मामले बढ़ रहे हैं। फिर केरल ने एक दिन पुराने मामलों को भी जोड़कर बताया, जिससे ऐसा लगा कि देश भर में कुल मामले काफी अधिक तेजी से बढ़ गए हैं। इसके अलावा, दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूली बच्चों में कोविड–19 मामलों की खबरें भी आई हैं। इन सबसे आम जन में चिंताएं कुछ बढ़ गई हैं। चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कुछ जिलों में सार्वजनिक स्थानों पर फेसमास्क को फिर से अनिवार्य कर दिया गया है।

क्या कोविड मामलों में यह वृद्धि चिंता का विषय है? क्या यह भारत में चौथी लहर की आहट है? क्या बच्चों के लिए कोविड का खतरा बढ़ गया है? क्या मास्क को फिर से अनिवार्य किया जाना चाहिए? आइए, हम इस पर एक बार नजर डालते हैं। दिल्ली और हरियाणा में कोविड के मामलों में वृद्धि को मुख्य रूप से कोविड से जुड़े विभिन्न प्रतिबंधों को हटाने, आर्थिक गतिविधियों और पर्यटन में वृद्धि से जोड़कर देखा जा सकता है।

मामले बढ़े जरूर हैं, लेकिन अधिकांश या तो बिना लक्षण या हल्के लक्षणों वाले मामले हैं और कई लोगों ने यात्रा या अन्य कारणों से स्वेच्छा से परीक्षण करवाया था। अस्पताल में भर्ती होने या आईसीयू बेड की आवश्यकता में बहुत मामूली या कोई वृद्धि नहीं हुई है। पिछले दो साल में अब यह साफ हो गया है कि कोविड का विषाणु हमारे साथ हमेशा रहेगा और यह संभव है कि आने वाले कई महीनों और सालों में, नियमित अंतराल पर कोविड के मामलों में उतार–चढ़ाव दिखता रहेगा।

इसलिए अब संक्रमण मात्र चिंता का विषय नहीं है, बल्कि संक्रमण का नतीजा क्या होगा, इस पर हमें स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने होंगे। साथ ही, भारत में दूसरी और तीसरी लहर के बाद प्राकृतिक संक्रमण (और उसके बाद बनी प्रतिरक्षा) तथा अधिकांश वयस्कों को टीके लगने के बाद हाइब्रिड इम्युनिटी बन चुकी है, जो इस बात की वैज्ञानिक आश्वस्ति देती है कि भारत में भविष्य में संक्रमण की गंभीरता कम रहेगी। इस पृष्ठभूमि में, कोविड–19 मामलों में वृद्धि, तत्काल चिंता का कोई कारण नहीं है।

वर्तमान में, भारत में ओमिक्रॉन और इसकी उप–वंश बीए.1, बीए.2 और पुनः संयोजक एक्सई (बीए.1 और बीए.2 का मिश्रण) आ रहे हैं। एक्सई के कुछ पुष्ट मामले भी चिंता का कारण नहीं हैं, क्योंकि यह एक नया संस्करण नहीं है, बल्कि ओमिक्रॉन का ही एक उप–प्रकार है। यह जानते हुए कि भारत में तीसरी लहर ओमिक्रॉन के कारण आई थी, यह मानने का पूरा वैज्ञानिक कारण है कि एक्सई, बीए.2 या कोई अन्य ओमिक्रॉन उप–वंश देश में नई लहरें पैदा नहीं करेगा।

चूंकि कोई नया संस्करण प्रसार में नहीं है, मामलों में बढ़ोतरी कुछ ही राज्यों तक सीमित है, इसलिए यह भारत में चौथी लहर की शुरुआत नहीं है। कोविड–19 प्रसार को कम करने में फेसमास्क की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। महामारी की शुरुआत से पिछले साल तक, जब पूरी आबादी को संक्रमण और गंभीर बीमारी का खतरा पैदा हो गया था और टीकाकरण सीमित था, सार्वभौमिक मास्किंग के स्पष्ट लाभ थे। ओमिक्रॉन और इसके उप–प्रकारों को रोकने में कपड़े के मास्क (जो भारत में अधिकतर लोग इस्तेमाल करते हैं) की बहुत ही सीमित भूमिका है।

फिर, भारत में प्राकृतिक संक्रमण और टीके प्रेरित प्रतिरक्षा (हाइब्रिड इम्युनिटी) के साथ अब अधिकतर लोगों में गंभीर बीमारी का खतरा काफी कम हो गया है। इसलिए आने वाले समय में सरकारों को कोविड संबंधी नीतियां परिस्थिति का आकलन करके वैज्ञानिक सबूतों के आधार पर बनानी चाहिए। मामलों में मौजूदा बढ़ोतरी को देखते हुए फिर से फेसमास्क अनिवार्य करने का औचित्य नहीं है। जिस तरह से हम दो कप चाय बनाने के लिए अपने घर के ऊपर की पानी की टंकी को उबालते नहीं हैं, उसी तरह सभी के लिए अनिवार्य फेसमास्क का अब इतना महत्व नहीं है।

हां, हमें 'उच्च जोखिम वाले लोगों की रक्षा' की रणनीति अपनानी चाहिए, जिन्हें फेसमास्क और अन्य कोविड उपयुक्त व्यवहार अधिक जिम्मेदारी के साथ, लेकिन स्वैच्छिक तौर पर पालन कराते रहना चाहिए। बुजुर्गों और अन्य उच्च जोखिम वाले वयस्कों को, विशेष रूप से इनडोर और भीड़–भाड़ वाले स्थानों में और गैर–पारिवारिक सदस्यों से मिलते समय मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। पूरी तरह से टीका लगाए हुए वयस्क और सभी स्वस्थ बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं।

साथ ही, अब सरकारों को नीतिगत निर्णय सिर्फ नए कोविड–19 के मामलों के आधार पर नहीं, बल्कि अस्पताल में भर्ती होने वाले कोविड मरीजों के रुझान को ध्यान में रखकर ही लेना होगा। जिन बच्चों में कोविड के मामले मिले हैं, वे सभी या तो बिना लक्षणों के या हल्के लक्षणों वाले हैं। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि ये बच्चे स्कूलों से संक्रमित हुए, बल्कि अधिकतर को संक्रमण परिवार के अन्य सदस्यों से हुआ। साथ ही, अब तक हुए सभी सीरो–सर्वेक्षणों ने इंगित किया है कि भारत में लगभग 70 से 90 फीसदी बच्चे पहले ही (जब स्कूल बंद थे) संक्रमित हो चुके थे।

फिर, बच्चों को वयस्कों के समान ही संक्रमण होता हैय लेकिन उन्हें गंभीर बीमारी का खतरा वयस्कों की तुलना में कई गुना कम या नगण्य होता है। इस पृष्ठभूमि में, बच्चों में कोविड के मामले मिलना चिंता का कारण या स्कूलों को बंद करने का जायज तर्क नहीं है। भारतीय राज्यों में, स्कूलों को अब पूर्ण रूप से खुले रखने की जरूरत है। हां, अगर कोई बच्चा बीमार है, तो उसे स्कूल न आने की सलाह देने की जरूरत है।

कुल मिलाकर कहें, तो भारत के कुछ राज्यों में कोविड के मामलों में वृद्धि फिलहाल चिंता का कोई कारण नहीं है। सभी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बिना किसी प्रतिबंध के जारी रखना चाहिए। स्कूल पूरी तरह से खुले रहने चाहिए। महामारी संबंधी सभी उपाय स्वैच्छिक होने चाहिए। व्यक्तिगत स्तर पर, जरूरत है कि लोग कोविड जोखिम का स्व–मूल्यांकन करें और उसके अनुसार कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करें। यह चौथी लहर की शुरुआत नहीं है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## पांचवीं जीत के साथ बैंगलोर दूसरे स्थान पर, ऑरेंज कैप की रेस में बटलर सबसे आगे

मुंबई ब्यूरो : आईपीएल 2022 का आधा सीजन लगभग पूरा हो चुका है। सभी टीमों को कुल 14 मैच खेलने हैं और दिल्ली को छोड़कर सभी टीमों ने कम से कम छह मैच खेल लिए हैं। इसके बाद गुजरात की टीम अंक तालिका में पहले पायदान पर बनी हुई है। बैंगलोर के पास भी गुजरात के बराबर 10 अंक हैं, लेकिन रन रेट कम होने के कारण यह टीम दूसरे स्थान पर है। अब तक गुजरात की टीम सबसे मजबूत नजर आई है, लेकिन हार्दिक की कप्तानी वाली टीम की बल्लेबाजी थोड़ी कमजोर है, जबकि बैंगलोर की बल्लेबाजी मजबूत है, लेकिन गेंदबाजी में थोड़ी कमी दिखी है। अंक तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज राजस्थान की गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों दमदार हैं, लेकिन इस टीम के पास ऑलराउंडर नहीं हैं। वहीं मुंबई और चेन्नई का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। ये दोनों टीमें अंक तालिका में आखिरी दो स्थानों पर काबिज हैं और प्लेऑफ में पहुंचने के लिए इन दोनों टीमों को लगभग हर मैच जीतना होगा। आरसीबी और लखनऊ के मैच के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की सूची में भी बदलाव हुआ है। छह मैच में पांच जीत के साथ गुजरात की टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर बनी हुई है। वहीं बैंगलोर सात में से पांच मैच जीतकर दूसरे स्थान पर बरकरार है। राजस्थान तीसरे और लखनऊ चौथे स्थान पर है। हैदराबाद की टीम पांचवें स्थान पर आ चुकी है। अच्छी शुरुआत के बाद कोलकाता की टीम बेपटरी हो गई है और छठे स्थान पर है। पंजाब सातवें और दिल्ली आठवें स्थान पर है। मुंबई और चेन्नई अंक



तालिका की आखिरी दो टीमें हैं। दोनों ने छह–छह मैच खेले हैं, लेकिन चेन्नई के पास दो अंक हैं, जबकि मुंबई का खाता नहीं खुला है। सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी (ऑरेंज कैप) सर्वाधिक रन बनाने के मामले में राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं लोकेश राहुल इस साल भी ऑरेंज कैप की रेस में शामिल हैं। राहुल ने 265 रन बनाए हैं और बटलर के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज (पर्पल कैप) पर्पल कैप की रेस में युजवेंद्र चहल सबसे आगे निकल चुके हैं। उन्होंने छह मैचों में 17 विकेट लिए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर काबिज टी नटराजन के पास 12 विकेट हैं। इसके बाद रेस में शामिल बाकी तीन गेंदबाजों के नाम 11 विकेट हैं।

## बीच शूटिंग एकाएक लापता हो गए शक्ति कपूर : शुक्रवार को रिलीज हो रही रानी चटर्जी की भोजपुरी फिल्म

मुंबई ब्यूरो : भोजपुरी सिनेमा क्वीन रानी चटर्जी की फिल्मों का उनके प्रशंसकों का बेसब्री से इंतजार रहता है। रानी ने भोजपुरी सिनेमा में अपनी वही पोजीशन बना ली है, जो हिंदी सिनेमा में विद्या बालन ने हाल के दिनों में लगातार कथानक आधारित फिल्में करने के साथ हासिल की है। रानी चटर्जी की नई फिल्म का नाम है 'लेडी सिंघम' और ये इसी शुक्रवार को रिलीज होने जा रही है। फिल्म में हिंदी सिनेमा के चर्चित कलाकार शक्ति कपूर बहुत ही खास किरदार में हैं। और, फिल्म की रिलीज करीब आने के साथ ही फिल्म की यूनिट को फिर याद आने लगा है वह किस्सा जब एक बार शूटिंग के बीच से शक्ति कपूर एकदम से लापता हो गए। आइए आपको बताते हैं कि आखिर शूटिंग के आखिरी दिन उस रोज क्या हुआ। रात 11.30 बजे मचा हल्ला। फिल्म 'लेडी सिंघम' की शूटिंग पर उस रात करीब 11.30 बजे अभिनेता शक्ति कपूर पर फिल्म का एक महत्वपूर्ण सीन फिल्माया जाना था। सारी तैयारी हो गई और शॉट के लिए शक्ति कपूर को बुलाया गया तो पता चला वह सेट से गायब हैं। फिल्म का उस सीन के बाद ही पैकअप होना था क्योंकि पहले से ही नौ से नौ बजे तक की शिफ्ट में 11 बज गए थे। भोजपुरी फिल्में बहुत ही निर्धारित समय और सीमित बजट के अंदर शूट होती है अगर किसी वजह से शूटिंग का एक दिन भी बढ़ जाए तो निर्माता के लिए बड़ी मुश्किल होती है। शक्ति कपूर के नजर न आने से निर्देशक के साथ साथ निर्माता के चेहरे पर भी पसीना आने लगा और पूरी यूनिट परेशान हो गई। फोन की घंटी बजी निर्माता और निर्देशक उस दिन की शूटिंग को लेकर कोई फैसला लेते। उसके पहले उन्होंने शक्ति कपूर को फोन करने का फैसला किया। राहत की बात ये हुई कि शक्ति कपूर अपना फोन साथ नहीं ले गए थे। जैसे ही घंटी बजी तो फोन पास में ही दिख गया। अब लोगों को ये तो समझ आ गया कि वह यहीं कहीं और या तो किसी के साथ कहीं व्यस्त हैं या फिर चहलकदमी करते हुए दूर निकल गए हैं। उनकी खोजबीन चल ही रही थी कि शक्ति कपूर लोकेशन की एक तरफ से हाथ में कुछ सामान



लेकर आते दिखे। इसलिए गायब हुए शक्ति कपूर लोगों ने शक्ति कपूर को वापस आता देख राहत की सांस ली। बातचीत हुई तो शक्ति कपूर ने बताया कि जब सीन के शूटिंग की तैयारी हो रही थी तो उन्हें सीन में कुछ मिसिंग दिखा। दरअसल जो सीन फिल्माया जाना था उसमें एक तस्वीर की जरूरत थी और ये सीन का एक महत्वपूर्ण अंग भी थी। लेकिन किसी का ध्यान उस तरफ नहीं था। शक्ति कपूर बिना बताए वहां चले गए जहां शूटिंग का सारा सामान रखा था और वह तस्वीर ढूंढने लगे। वह तस्वीर लेकर ही लौटे। इस पर शूटिंग का इंतजाम देख रहे लोगों के चेहरे अपनी इस लापरवाही से शर्म से पानी पानी हो गए। रानी और शक्ति का संगम फिल्म की नायिका की नायक के साथ ऑनस्क्रीन केमेस्ट्री के चर्चे तो होते ही रहते हैं, कई बार इस मामले में विलेन भी बाजी मार लेते है। यूं तो फिल्म 'लेडी सिंघम' में रानी चटर्जी और शक्ति कपूर के बीच काफी तनाव दिखाया गया है। लेकिन इन दोनों के बीच दो गाने भी फिल्माए गए हैं। इन गानों में इन दोनो के बीच की केमिस्ट्री देखने का इंतजार दोनों के प्रशंसकों को है। फिल्म में रानी चटर्जी पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं। रानी मुखर्जी के नक्शेकदम फिल्म 'लेडी सिंघम' पूरी तरह से एक्शन पैक्ड फिल्म है, जिसका ट्रेलर बीते दिनों जारी हुआ था। ट्रेलर में उनका एक्शन सीक्वेंस बेहद रोमांचक है। फिल्म का यह ट्रेलर हिंदी सिनेमा की अभिनेत्री रानी मुखर्जी की याद दिलाता है जो फिल्म 'मर्दानी' में पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आई थी।

## महानंदा एक्सप्रेस में हंगामाः आधी रात सीटीआई और रेलवे मजिस्ट्रेट के बीच झड़प : चेन पुलिंग कर रोकी ट्रेन

चंदौली ब्यूरो : दिल्ली से अलीपुरद्वार जा रही महानंदा एक्सप्रेस में मंगलवार रात पीडीडीयू नगर स्टेशन (चंदौली) पर जमकर हंगामा हो गया। सीटीआई और रेलवे मजिस्ट्रेट के बीच विवाद के बाद चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी गई। बाद में जीआरपी ने सीटीआई को हिरासत में ले लिया। मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे जमानत दी गई। आधी रात को हंगामे के बीच समस्तीपुर और पीडीडीयू डिवीजन के अधिकारियों के हाथ–पांव फूले रहे। डाउन महानंदा एक्सप्रेस रात 10:40 पर पीडीडीयू नगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो पर आई। इस दौरान 10 मिनट ठहराव के बाद 22:50 पर खुली। तभी 22:52 बजे से 23:03 तक चेन पुलिंग होने से खड़ी हो गई। बोगी में एसीपी का होना सुनकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पीडीडीयू के अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति हो गई। बरौनी के सीटीआई ने की अभद्रता ड्यूटी स्टाफ की मदद से सतर्कता पूर्वक देखा गया तो पता चला कि ट्रेन की एसी कोच से प्रेशर निकल रहा था। उसी कोच में रेलवे मजिस्ट्रेट और बरौनी के सीटीआई राजीव सिंह से कहासुनी हो रही थी। थोड़ी ही देर में सीटीआई रेलवे मजिस्ट्रेट से अभद्र व्यवहार करने लगा। दोनों के बीच बात झड़प तक पहुंच गई। मामला बढ़ता देख जीआरपी भी मौके पर आ गई। जीआरपी ने तत्काल सीटीआई को हिरासत में लिया और जीआरपी थाने ले आई। बुधवार सुबह जीआरपी ने सीटीआई का मेडिकल कराने के बाद नशे की हालत में ड्यूटी करने का मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद सीटीआई को जमानत दे दी गई। इस सबंध में जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि सीटीआई ने मजिस्ट्रेट के साथ अभद्रता की थी। सीटीआई नशे की हालत में था। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पासपोर्ट सेवा केंद्र को पुनः संचालित कराने हेतु सांसद मेनका ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी ने जिला मुख्यालय पर स्थापित पासपोर्ट सेवा केंद्र को पुनः संचालन कराने हेतु भारत सरकार के विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखा है। सांसद श्रीमती गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को लिखे पत्र में बताया है कि मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद सुल्तानपुर में विगत कई वर्ष पूर्व जनपद मुख्यालय पर डाक विभाग के अधीन पासपोर्ट सेवा केंद्र का संचालन किया जा रहा था। परंतु वर्तमान में स्थानीय प्रबुद्धजनों के द्वारा मुझे अवगत कराया गया कि पासपोर्ट सेवा केंद्र का संचालन बंद पड़ा है।मेरे द्वारा जब जिला प्रशासन के माध्यम से जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि विभागीय निर्देश के आलोक में पासपोर्ट सेवा केंद्र पर कई महीनों से कार्य स्थगित है। इस कारण स्थानीय लोगों में काफी रोष व्याप्त है। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया की सांसद श्रीमती गांधी ने 10 अप्रैल 2022 को भारत सरकार के विदेश मंत्री एस जयशंकर को लिखे पत्र में अनुरोध किया है कि



जनहित को दृष्टिगत रखते हुए जनपद सुल्तानपुर मुख्यालय पर स्थापित किए गए पासपोर्ट सेवा केंद्र को पुनः संचालन कराए कराने हेतु अपने स्तर से संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने की कृपा करें। सांसद की पहल का प्रतिनिधि रणजीत कुमार,करूणा शंकर द्विवेदी,शशीकांत पांडे, विजय सिंह रघुवंशी, अरुण द्विवेदी सहित प्रबुद्धजनों ने सराहना की है।

## पोषण अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा ने आशा एवं आंगनवाड़ी वर्कर्स को किया सम्मानित

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : भाजपा भाजपा द्वारा मनाए जा रहे सामाजिक न्याय पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र कुड़वार नाका,घोसियाना सहित कादीपुर में आशा बहू व आंगनवाड़ी वर्कर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री बबीता तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा निषाद, सीमा सिंह, करिश्मा गौतम आदि ने महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से बचने के उपाय की विस्तार से जानकारी दी।ताकि देश में कुपोषण से हो रही समस्याओं को दूर किया जा सके।इस अभियान में धात्रि महिलाएं, गर्भवती महिलाएं इत्यादि को पोषण सामग्री भी वितरित की गई। इस दौरान महिला मोर्चा की बहनों ने बच्चों को फल आदि का वितरण किया।पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाए जा रहे सामाजिक न्याय पखवाड़े अंतर्गत सरकार द्वारा चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी जमीनी स्तर तक पहुंचाई जा



रही है।काशी क्षेत्र महिला मोर्चा महामंत्री बबीता तिवारी ने आशा एवं आंगनवाड़ी वर्कर्स कलावती ,विमला यादव, गुंजन देवी,विनीता तिवारी, सुमन श्रीवास्तव,निशा द्विवेदी, सीमा राव, प्रभावती , गीता शर्मा, कलावती दुबे,ज्योति शर्मा, मधू शर्मा और माधुरी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।इस मौके पर भारती दुबे,अमिता शुक्ला, गीता तिवारी, तारादेवी, सीमा सिंह,रेनू तिवारी आदि मौजूद रही।

## 01 मई को स्व. मधु लिमये की जयन्ती पर बाराबंकी के गांधी भवन में पहला समाजवादी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय बाराबंकी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, गोवा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता, शोषितों व वंचितों के मुखर स्वर, संसदीय राजनीति व समाजवादी धारा के मर्मज्ञ, ओजस्वी वक्ता स्व. मधु लिमये की जन्मशती वर्ष पर आयोजित होने वाले विविध आयोजनों की एक केन्द्रीय समिति का गठन किया गया। जिसके अर्न्तगत 01 मई को स्व. मधु लिमये की जयन्ती पर जनपद बाराबंकी के गांधी भवन में पहला समाजवादी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं मीडिया सलाहकार रिजवान रजा ने दी। उन्होंने बताया कि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय एवं समाजवादी चिन्तक रघु ठाकुर के मार्गदर्शन में स्व. मधु लिमये जन्मशताब्दी वर्ष समारोह समिति का गठन किया गया है। इस केन्द्रीय समिति का अध्यक्ष गांधीवादी राजनाथ शर्मा को बनाया गया। वहीं अरूण प्रताप सिंह (दिल्ली) को समिति का सचिव मनोनीत किया गया। इसके अलावा पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. जार्ज फर्नांडिस की पत्नी श्रीमती लैला फर्नांडिस (दिल्ली), रवि वर्मा कुमार सीनियर एडवोकेट (बैंगलोर), शेखर नेफड़े सीनियर एडवोकेट (दिल्ली), माइकल फर्नांडिस (बैंगलौर), राजकुमार जैन (दिल्ली), बद्री नारायण सिंह एडवोकेट (पटना), एस.एस. नेहरा



एडवोकेट (दिल्ली), सुभाष मलगी (मुम्बई), विकास देशपांडे (पुणे), सुरेश अग्रवाल (नागपुर), संदीप पांडे (लखनऊ), जयन्त तोमर (ग्वालियर), प्रो. गोपेश्वर सिंह (पटना), शोभन (दिल्ली), बिंदेश्वरी पटेल (कटनी), अजय तिवारी पत्रकार (दिल्ली), टी. गोपाल सिंह (हैदराबाद), नूर अहमद (कलकत्ता), संजीव पुजारी (मुम्बई), अनिल ठाकुर (दिल्ली), प्रभाष यादव एडवोकेट (दिल्ली) को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। श्री रजा ने बताया कि 01 मई से शुरू होने वाला स्व. मधु लिमये जन्मशताब्दी वर्ष समारोह की शुरूआत बाराबंकी से होगी। इसके बाद उत्तर प्रदेश के कई जनपदों के अलावा देश के कई राज्यों में समारोह का आयोजन कर समाजवादी आन्दोलन से युवा पीढ़ी को जोड़ने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर मधु लिमये के जीवन और विचार को लेकर एक स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी। स्मारिका का संपादन रघु ठाकुर करेंगे।

## युवक के गंगा में कूदने की सूचना पर पहुंची पुलिस : कॉल करने वाले शख्स ने नंबर कर लिया बंद

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र के सामनेघाट स्थित शास्त्री ब्रिज से युवक गंगा ने छलांग लगाने की सूचना कंट्रोल रूम को किसी राहगीर ने दी। सूचना देने वाले ने पुलिस को बताया कि युवक अपनी बाइक पुल के ऊपर खड़ी कर गंगा में कूद गया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर नगवा चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह पहुंचे। जहां किसी ने युवक को कूदते या इस तरह की घटना से इंकार किया। जिस शख्स ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी थी उसने अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया। इंस्पेक्टर लंका वेद प्रकाश राय ने बताया कि इस घटना को लेकर कोई भी कुछ देखा नहीं। मौके से



कोई चीज भी नहीं मिली। गंगा में जल पुलिस को भी लगाया गया, लेकिन अभी तक इस प्रकार का कुछ भी नहीं मिला।

## उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा ट्रिपल सी एवं ओ लेवल की ट्रेनिंग प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को दिया गया प्रमाण

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के न्यू शक्ति कॉलेज आफ आईटी एंड मैनेजमेंट मुंगरा बादशाहपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित निशुल्क ट्रिपल सी एवं ओ लेवल कोर्स में ट्रेनिंग प्राप्त कर चुके छात्रों को विषय वर्ग कल्याण विभाग जौनपुर के अधिकारी सुरेश कुमार मौर्या जी के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया. प्रमाण पत्र पाते ही छात्र–छात्राओं के चेहरे खिले और एक विश्वास बना और ओ लेवल जैसी परीक्षा को पास कर गर्व महसूस होता है वहीं पर संस्था के डायरेक्टर राजन सिंह ने कहा कि छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु न्यू शक्ति कॉलेज आफ आईटी एंड मैनेजमेंट की पूरी टीम विगत कई वर्षों से मुंगरा बादशाहपुर में कार्य कर रही है निशुल्क शिक्षा प्रदान करना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए तमाम शिक्षण व्यवस्थाएं जो लोगों के बीच देने का कार्य किया जा रहा है उत्तर प्रदेश समाज कल्याण द्वारा संचालित निशुल्क ट्रिपल सी एवं ओ लेवल की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं. जिसमें प्रथम स्थान पाने वाली सोमा साहू, द्वितीय स्थान अंजलि मौर्या और तृतीय स्थान पाने



वाले जयप्रकाश और अन्य छात्र और छात्राएं साक्षी जैस्वाल, ज्योति यादव विजय कुमार, धनंजय पटेल, सुमन यादव, राहुल, आंचल शर्मा ,आराधना मौर्य , रश्मि, सदफ आजमी ,सत्यम ,नम्रता ,राजेश ,ज्योति ,ईजादअली ,नेहा ,विवेक ,किरण ,पुष्पांजलि, दीक्षा, शिवानी ,शरद मौर्य, इन सभी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर राजन सिंह, अमन शर्मा, उरूज लारी,पूजा सिंह ,विकास चंद्रपाल ,मनीष तिवारी, अजय पटेल, जूफा अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## एलपीएस डायरेक्टर हर्षित सिंह लंदन में सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के डायरेक्टर हर्षित सिंह को शिक्षा में नवाचार एवं तकनीकी को बढ़ावा देने हेतु, ग्रासवेनर लंदन में 12 अप्रैल 2022 को 'एशियावन मोस्ट इन्फ्ल्युएन्शल यंग लीडर्स अवार्ड 2021–22' से नाइजीरिया के यूनाइटेड




किंगडम में कार्यरत हाईकमिश्नर सरफ टंजी इसोला और हैती के राजदूत ईवरार्ड सेंन्ट अमंद द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई सांसद जैसे लॉर्ड करन बिलमोरिया, माइक वुड, बेल रिबेरो एडी, मार्क लोगन, स्टीव बेकर, सिंगर रागेश्वरी लूम्बा स्वरूप, ट्यूनेशिया के राजदूत नबील बेन खेधेर, मालडोवा की राजदूत एंजेला पोनोमेरिओव, साउथ अफ्रीका की राजदूत नोमेटेम्बा टैम्बो एवं एलपीएस डायरेक्टर नेहा सिंह उपस्थित थीं।

## श्री गुरु रविदास विश्व महा पीठ प्रदेश अध्यक्ष ने लखनऊ विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष रामवीर सिंह भैया जी ने लखनऊ विभिन्न क्षेत्रों भ्रमण किया उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास के विचारों, व्यवहार, गुणों व शिक्षाओं से युगों–युगों तक समाज को मार्गदर्शन मिलता रहेगा। इस महान व्यक्तित्व के जीवन दर्शन से सामाजिक समरसता, समानता और बंधुत्व की राह अग्रसर होती है। श्री गुरु रविदास जी महाराज की शिक्षाओं से अवगत कराया। वहीं और कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज ने सामाजिक परिवर्तन एवं मानवता के विकास के लिए जो अलख जगाई, उसकी रोशनी आज भी समाज का पथ–प्रदर्शन कर रही है। श्री गुरु रविदास जी किसी एक जाति या संप्रदाय के गुरु नहीं थे, अपितु पूरी मानव जाति के पथ–प्रदर्शक थे। उनकी शिक्षाओं, विचारों को आज प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। इस देश में समय–समय पर संत महात्माओं, ऋषि–मुनियों और पीर–पैगम्बरों और गुरुओं ने भूली–भटकी मानवता को जीवन का सच्चा रास्ता दिखाया है। आगे कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास किसी एक जाति या संप्रदाय के गुरु नहीं थे, वे पूरी मानव जाति के पथ–प्रदर्शक थे। उनकी शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए थी। उनकी वाणी, आदर्श और शिक्षाएं आज भी अजर–अमर है और सदा मानवता के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेंगी। उन्होंने भक्ति आंदोलन से समाज सुधार करने का साहसिक और ऐतिहासिक कदम उठाया, जिससे उस समय जात–पात, अंधविश्वास और ऊँच–नीच में उलझे समाज में



एक नई जागृति आई। संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाजवाद की ऐसी परिकल्पना की, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अन्न मिले और समाज में कोई भी छोटा–बड़ा ना हो, सभी एक समान हो। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दुष्यंत कुमार गौतम ने श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ ने अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए है। इस पीठ के माध्यम से वर्ष 2018 से लेकर 2022 तक लगातार अधिवेशनों का आयोजन कर संत गुरु रविदास की वाणी और विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का काम किया गया। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश राठौर ने 11 मार्च 2018 को हरिद्वार की पावन धरा से इस महापीठ की स्थापना की गई थी। आज इस महापीठ ने एक भव्य स्वरूप धारण कर लिया है। इस महापीठ का उद्देश्य संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की वाणी, विचारों और उपदेशों को जन–जन तक पहुंचा कर समाज को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। श्री गुरु रविदास महापीठ के मीडिया प्रभारी मौर्यांकुर प्रभात, डा आकाश गौतम, डा विमल कुमार जाटव, पवन कुमार गौतम आदि लोग मौजूद रहे है।

## सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत नामांकन अभियान

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलवार के सरोज बस्ती में घर घर जाकर कई बच्चों का नामांकन प्राथमिक विद्यालय बेलवार में किया गया वहीं पर खंड शिक्षा अधिकारी सुजानगंज अरविंद कुमार पांडे के उपस्थिति संपन्न हुई. जिसमें एआरपी प्रमोद कुमार सिंह , नोडल शिक्षक संकुल प्रभाकर शुक्ल सहित शिक्षक संकुल व विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री जीतेंद्र उपाध्याय सहायक अध्यापक ज्ञान प्रकाश यादव सहायक अध्यापक संदीप कुमार सहायक अध्यापक , अखिलेश गुप्ता पुष्कर मिश्रा, प्रिंस गुप्ता एवं दिनेश चंद्र विश्वकर्मा व शिव प्रकाश सफाई कर्मी आदि उपस्थित रहे।



## समाजसेवी धीरेंद्र तिवारी ने पेश की समाजसेवा की मिसाल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोकुल ग्राम कल्याण समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार तिवारी ने डेली इंसाइडर के प्रतिनिधि आर एल पाण्डेय से समाज सेवा के रूप में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि कोरोना काल में अन्नदान वस्त्रदान कर जरूरतमंदों की मदद की गई। सरकारी सुविधाओं का क्षेत्रवासियों को लाभ दिलाया गया। निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए कार्य किया जा रहा है। पृथ्वी को बचाने के लिए पार्कों में 2017 से ही पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। बच्चे की भांति पौधों का संरक्षण किया जा रहा है जो आज वृक्ष बनकर तैयार है। प्रतिदिन उनमें पानी डाला जाता है निराई गुड़ाई सहित तमाम तरह की निगरानी की जाती है। पर्यावरण सुरक्षा के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही योग के कार्यक्रम पार्क में किए जाते हैं। योग दिवस मनाने के लिए अभी से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं हर वर्ष योग दिवस भी मनाया जाता है। लोग स्वस्थ रहें इसलिए जागरूक करने के लिए निशुल्क कैंप भी लगाए जाते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत एवं सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि मै धीरेन्द्र कुमार तिवारी जिसकी योग्यता बी.टेक., एम.एस.सी.




, बी.एड.है , प्रोफेशन भौतिक विज्ञान का प्रवक्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता, भारतीय जनता पार्टी का कर्मठ कार्यकर्ता, गोकुल ग्राम कल्याण समिति का अध्यक्ष आदि के अनुरूप सदैव समाज सेवा ही हमारा लक्ष्य है। समय समय पर भारतीय सांस्कृति की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले साहसिक कदम, अधर्म के विरूद्ध धर्म कि रक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदम, समाज मे दुर्बल दलित पिछड़े आदि कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क शिक्षा , कोराना जैसी महामारी मे गरीबों को राशन , कपड़े दैनिक आवश्यक बस्तुओं को उपलब्ध कराना , निःशुल्क चिकित्सक उपलब्ध कराना , शिक्षक के रूप मे जन – जन तक भाई चारा बिखेरना एवं सौहार्द बनाए रखने की शिक्षा देना ही मेरा उद्देश्य है।

## 21 अप्रैल को निःशुल्क वैक्सीनेशन कैम्प

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अनुरोध पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को पहली डोज, 15 से 59 वर्ष तक के नागरिकों को पहली व दूसरी तथा वरिष्ठ नागरिकों को बूस्टर डोज के लिए निःशुल्क वैक्सीनेशन कैम्प बृहस्पतिवार 21 अप्रैल 2022 को प्रातः 10.00 से अपराह्न 3.00 बजे तक निम्न स्थान पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें स्पॉट रजिस्ट्रेशन करवाकर वैक्सीन की पहली, दूसरी व बूस्टर डोज लगवा सकते हैं। कृपया अपना आधार कार्ड व मोबाइल फोन अवश्य लायें। वैक्सीनेशन कैम्प स्थल – मानवाधिकार जनसेवा परिषद कार्यालय, 3/44, विवेक खण्ड, आई सी आई सी आई बैंक के पास, गोमतीनगर, लखनऊ उक्त जानकारी समाजसेवी रूप कुमार शर्मा ने दी।

## डी एम ने राकेश सिंह को बनाया तहसील सवायजपुर का नया उपजिलाधिकारी

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने सवायजपुर उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला का स्थानांतरण करते हुए उनके स्थान पर राकेश सिंह को तहसील सवायजपुर का नया उपजिलाधिकारी नियुक्त किया है।जबकि उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला को जिला मुख्यालय पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया गया है।नवागत उपजिलाधिकारी राकेश सिंह ने मंगलवार को तहसील में पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।आपको बता दें कि जिला मुख्यालय पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय के पद पर तैनात राकेश सिंह को जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने तहसील सवायजपुर का नया उपजिलाधिकारी नियुक्त किया है।जिसके बाद राकेश सिंह ने मंगलवार को तहसील मुख्यालय पहुंच कर उपजिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया।उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप वह प्रतिदिन अपने कार्यालय में बैठकर जन समस्याओं को सुनेगें।उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि पीड़ित को उनके यहाँ से न्याय मिल सके



और कोई भी फरियादी निराश होकर न जाये। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जायेंगे और सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराया जायेगा।इसके लिए राजस्व की टीम गठित कर अभियान चलाया जायेगा।

## भाजपा सांसद नें बागपत में बड़ौत से खेकड़ा तक ट्रेन में यात्रियों संग किया सफर : मुसाफिरों की सुनी समस्याएं

बागपत ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बागपत से सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने बुधवार को बड़ौत से खेकड़ा तक दिल्ली–सहारनपुर रेलवे मार्ग पर चलने वाली ट्रेन में अलग–अलग बोगियों में जाकर यात्रा कर रहे मुसाफिरों से रेलवे की सुविधाओं और शिकायतों के बारे में पूछा। इस दौरान कई लोगों ने यात्रा के दौरान आने वाली दिक्कतों से सांसद को अवगत कराया। सफर में बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक सभी सांसद के साथ सेल्फी लेते हुए भी दिखाई दिए। वहीं सांसद ने रेल मंत्री के समक्ष यात्रियों की समस्याएं रखकर उनका जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया। बुधवार सुबह 7:35 बजे सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नगर के रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। यह देख काफी संख्या में यात्री उनके पास पहुंचे और उन्हें एक के बाद एक समस्याएं गिनानी शुरू कर दीं। यात्रियों ने स्टेशन पर एक मात्र टिकट खिड़की खुलने, ई–टिकट मशीन खराब होने, टिकट आरक्षण व्यवस्था आए दिन ठप रहने, कैंटीन की सुविधा न मिलने व स्टेशन परिसर में बनाए गए नए शौचालय पर हर समय ताला लटकने पर रोष जताया। इस पर सांसद ने स्टेशन अधीक्षक सुधीर शर्मा को बुलाकर पहले जमकर फटकार लगाई और फिर व्यवस्था को तुंरत दुरूस्त करने के निर्देश दिए। तभी शामली से दिल्ली की ओर जाने वाली डीएमयू ट्रेन नंबर 04466 तकरीबन 7:50 मिनट पर स्टेशन पर पहुंच गई, जिसमें बागपत सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह सवार हो गए। जहां पर सांसद ने अलग–अलग बोगियों में जाकर यात्रियों की समस्याएं सुनी और रेल मंत्री से मिलकर उनका जल्द निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया। ट्रेन के सफर के दौरान यात्रियों ने रखीं ये समस्याएं कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों का जल्द हो संचालन कासिमपुर खेड़ी गांव के रहने वाले अनिल ने सांसद के समक्ष मांग रखी कि कोरोना काल के दौरान जो ट्रेनें बंद हो गईं थी, उनका संचालन दोबारा जल्द से जल्द कराया जाए। शौचालय की नियमित हो साफ–सफाई बड़ौत नगर निवासी अंकुर ने सांसद के सामने ट्रेनों के अंदर बने शौचालय की नियमित रूप से साफ–सफाई न होने की समस्या रखी। ट्रेनों का बिगड़ा



समय हो ठीक बड़ौत नगर निवासी महिला यात्री सुदेश ने कहा कि इस रूट पर ट्रेनों का समय पूरी तरह से बिगड़ा हुआ है। जिस कारण डयूटी करने वाले यात्रियों को रोजाना डयूटी पर समय से पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जो ट्रेनें इस समय इस रूट पर संचालित है उनका समय बिल्कुल ठीक कराया जाए। इस रूट पर बढ़ाई जाए ट्रेनों की संख्या गांधी गांव के रहने वाले ओमकार शर्मा ने कहा कि कोरोना काल से पूर्व इस रूट पर अप–डाउन के लिए लगभग 26 ट्रेन थीं, लेकिन अब मात्र 10 ट्रेनें ही संचालित हैं। ऐसे में बंद हुई 16 ट्रेनों का संचालन जल्द से जल्द हो ताकि यात्रियों को राहत मिले। स्टेशन पर हो पेयजल की व्यवस्था बड़ौत के दुड़भा गांव के रहने वाले दैनिक यात्री अनुज शर्मा ने कहा कि ट्रेन जगह–जगह रूकती है। डीएमयू ट्रेन के अंदर एकमात्र शौचालय है, जिससे यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं। ऐसे में ट्रेनों की स्पीड़ भी बढ़ाई जाए और इस रूट पर इलेक्ट्रानिक ट्रेनों का संचालन हो। ये बोले सांसद सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि उनहोंने ट्रेनों में यात्रियों के साथ सफर किया और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। बताया कि बड़ौत रेलवे स्टेशन पर टिकट खिड़की कम है और ये खिड़की समय पर नहीं खुलती है, शौचालय को बंद रखा जाता है। इस पर स्टेशन अधीक्षक सुधीर शर्मा को हिदायत दी गई है। बताया कि ट्रेन के अंदर यात्रियों ने समस्याएं रखी कि जैसे–जैसे ट्रेन दिल्ली की ओर चलती है तो उसमें भीड़ बढ़ने लगती है। इसलिए लोगो की मांग है कि ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाए। बहुत से यात्रियों ने बताया कि डीएमयू ट्रेन बड़ौत से दिल्ली जाने में दो से ढ़ाई घंटे लगा देती है, यानी साढ़े दस बजे लगभग दिल्ली पहुंचती है। सरकारी कार्यालय में जाने वाले लोग समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। बताया कि एक ट्रेन सात बजे चलती है, एक ट्रेन आठ बजे चलती है और नौ बजे तक ट्रेनों को दिल्ली पहुंचना चाहिए, लेकिन वह साढ़े दस बजे तक पहुंचती है। उधर दिल्ली की ओर से एक ट्रेन छह बजे है और एक ट्रेन आठ बजे है, सात बजे कोई ट्रेन नहीं है। ऐसे में सात बजे भी ट्रेन चलनी चाहिए और इस रूट का जल्द दोहरीकरण कराकर रेपिड ट्रेन का संचालन होना चाहिए। कहा कि इन सभी समस्याओं से जल्द ही रेल मंत्री को अवगत कराया जाएगा और यात्रियों की समस्याएं हल कराई जाएंगी।

## पाली थाने में धर्म गुरुओं के साथ हुई पीस कमेटी की बैठक संपन्न

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : थाना प्रांगण पर बुधवार को उपजिलाधिकारी राकेश सिंह की अध्यक्षता में सीओ शाहाबाद विशाल यादव की मौजूदगी में आगामी त्योहार अलविदा व ईद उल फितर को लेकर धर्म गुरुओं तथा संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक



में आगामी त्यौहारों को शांति पूर्वक आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मनाने तथा शरारती तत्वों की सूचना थाना पुलिस को देने की अपील की गई।आगामी अलविदा की नमाज व ईद के त्यौहार को लेकर पाली थाना पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय है। जिसमें त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। पाली थाने पर क्षेत्र के ग्राम प्रधान और नगर के संभ्रांत व्यक्तियों के अलावा पत्रकारों ने पहुंचकर पीस कमेटी की बैठक में शिरकत की। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ईद उल फितर के पावन पर्व पर लड़ाई झगड़े से बचें।और आगामी अलविदा व ईद उल फितर के त्यौहार को भी आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मनायें तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।थानाध्यक्ष ने कहा कि त्यौहार हम लोगों के बीच खुशियां बांटने का काम करते हैं। इसलिए आपसी मतभेदों को दूर कर एक दूसरे से मिलकर त्यौहार की खुशियां साझा करें और आगामी पावन त्यौहार ईद के पर्व को सौहार्दपूर्ण व शांति पूर्वक मनाएं। थानाध्यक्ष ने कहा कि अगर त्यौहार पर किसी ने झगड़ा फसाद करने की कोशिश की, तो उससे सख्ती से निपटा जायेगा।बैठक को संबोधित करते हुए सीओ शाहाबाद विशाल यादव ने किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने व शांति व्यवस्था बनाये रखने में लोगों से अपील की।और कहा कि आप लोग किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और न ही किसी प्रकार का माहौल बिगाड़ने का प्रयास करें।अगर कोई भी अराजकतत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करें तो ऐसे में स्वयं निर्णय न लेकर तत्काल सूचना पुलिस को दें। इस अवसर पर उपनिरीक्षक रामवचन,विजय नारायण शुक्ला, विनोद कुमार शर्मा,अन्य पुलिस कर्मियों के अलावा क्षेत्र के ग्राम प्रधान, धर्म गुरुओं व नगर के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

## पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे : खुशी से हुए गदगद

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव :पाली नगर स्थित सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद प्रताप वर्मा ने किया। वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र/छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ वीपी द्विवेदी द्वारा पुरस्कृत किया गया।पुरस्कार पाकर खुशी से बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रधानाचार्य डॉ वेदप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि कॉलेज में कक्षा छह में शिवांशु द्विवेदी,शिवानी देवी, विवेक कुमार,कक्षा सात में मोहित कुमार ,ओम जी,हसन फराज व कक्षा आठ में श्रद्धा गुप्ता,मलिक सानिया, पूजा,व कक्षा –9 अ में कृष्ण मोहन सिंह,तनु जायसवाल,सेजल सिंह,कक्षा–9ब में आयुष पाण्डेय, प्रदीप,दानिश हसन,व कक्षा–9 स में हरिओम द्विवेदी,सत्यम कुमार आर सिंह ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रधानाचार्य द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले



सभी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।साथ ही प्रधानाचार्य ने विद्यालय के अच्छे परीक्षा परिणाम के लिये बच्चों, अध्यापकों व अविभावकों को बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उन्होंने बताया कि कक्षा 11 का परीक्षा परिणाम दो दिन बाद घोषित कर दिया जायेगा। कक्षा 11 में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी इसी तरह पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा।इस अवसर पर कालेज का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

## थाना मुंगरा बादशाहपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध में सघन अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में सन्दिग्ध वाहन/व्यक्ति तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 93/2022 धारा 323/504/506/307 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त प्रियांशु सिंह उर्फ हर्षित सिंह पुत्र मनोज कुमार सिंह निवासी गौरा पूरे बदल थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ को ईंटहरा बार्डर से गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.प्रियांशु सिंह उर्फ हर्षित सिंह पुत्र मनोज कुमार सिंह निवासी गौरा पूरे बदल थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़। अपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 93/2022 धारा 323/504/506/307



भा0द0वि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1.श्री सदानन्द राय थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. उ0नि0श्री पन्नेलाल यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 3.का0 ओमप्रकाश मिश्रा, का0 गया प्रसाद पटेल थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

# डीएम नीतीश कुमार ने जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी वार्ड, पंजीकरण काउंटर, दवा वितरण कक्ष, जननी सुरक्षा योजना कक्ष, प्रसव शल्य चिकित्सा कक्ष, एएनसी नर्सिंग कक्ष, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पीकू वार्ड, कोविड वार्ड आदि सहित चिकित्सा में ऑक्सीजन आपूर्ति हेतु लगाए गए आक्शीजन प्लांट इकाइयों का जायजा लिया।शासन के मंशानुसार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एवं समुचित उपचार सुचारू रूप से उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों एवं सुविधाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दवा वितरण काउंटर पर फार्मासिस्ट ने अवगत कराया कि चिकित्सालय में सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में सभी आवश्यक दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देशित किया कि जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत प्राप्त समस्त लंबित आवेदनों को तत्काल फीडिंग सुनिश्चित कराने तथा लाभार्थियों को योजना की राशि से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही भविष्य में चिकित्सालय में प्रसव हेतु आने वाली प्रसूताओं को पहले दिन ही जननी सुरक्षा योजना का फार्म भरवा कर तथा समस्त प्रपत्र यथा आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या आदि प्राप्त कर तत्काल फीडिंग कराने के निर्देश दिए और प्रसूता को चिकित्सालय से डिस्चार्ज के दिन ही योजना के राशि से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।इस दौरान जिलाधिकारी ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों को भी लाभान्वित कराने तथा इसके अंतर्गत आने वाले डिलेवरी पैकेज से पूरी चिकित्सा टीम को प्रोत्साहन हेतु राशि प्रदान करते रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने एएनसी नर्सिंग कक्ष में भर्ती प्रसूताओ व उनके तीमारदारों से उन्हें उपलब्ध हो रही चिकित्सीय सुविधाओ व उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पीकू वार्ड व कोविड वार्ड का भी निरीक्षण किया तथा बताया कि चिकित्सालय में पीकू सहित कोविड संबंधी कुल 80 बेड उपलब्ध है जिसे आवश्यकतानुसार 100 बेड भी किया जा सकता है। इसी के साथ ही कोविड के सभी शैय्याओं तक पाइप लाइन के माध्यम से ऑक्सीजन आपूर्ति की सुविधा होने के साथ ही पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन कांसन्ट्रैटर व ऑक्सीजन सिलेंडर भी उपलब्ध है, तथा चिकित्सालय में ऑक्सीजन आपूर्ति हेतु 1000 लीटर प्रति मिनट व 500 लीटर प्रति मिनट के दो ऑक्सीजन यूनिट क्रियाशील है। जिलाधिकारी ने दोनों ऑक्सीजन यूनिटों को भी चेक किया तथा बताया कि दोनों यूनिटें बेहतर ढंग से चल रही है। जिलाधिकारी ने सीएमएस व प्रबंधक को लाभार्थीपरक योजनाओं जैसे आयुष्मान योजना आदि से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने, समस्त मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाये उपलब्ध कराने के साथ ही चिकित्सालय के सभी वार्डों सहित सम्पूर्ण परिसर को नियमित साफ सुथरा रखने, भवनों को आवश्यकतानुसार रंगाई पुताई व मरम्मत कराकर अच्छा रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समस्त एएनएम व आशा को अधिक से अधिक पेशेंटस को चिकित्सालय में भेजने व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने को कहा। उन्होंने सी0एम0एस0 को कायाकल्प योजनान्तर्गत चिकित्सालय को और बेहतर करने तथा चिकित्सीय सुविधा को और बढ़ाने के संबंध में भी निर्देशित किया तथा सभी चिकित्सकों सहित समस्त चिकित्सीय स्टाफ को चिकित्सालय में समय से उपस्थित रह कर नियमित बेहतर चिकित्सा सुबिधायें सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# मंत्रिमंडल के समक्ष नगर विकास सेक्टर के 04 विभागों की कार्ययोजना प्रस्तुतिकरण पर मुख्यमंत्री के दिशा–निर्देश

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता)उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या का 24: शहरी आबादी का है जो कि राज्य की जीडीपी में 65: का योगदान है।स्वस्थ एवं प्रदूषण मुक्त शहर, समावेशी शहर विकास, उच्चस्तरीय आधुनिक नगरीय सुविधाएं और ई–गवर्नेंस के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। नगर नियोजन करते समय हमें भविष्य की जरूरतों और जन आकांक्षाओं का ध्यान भी रखना होगा।हर जनपदधविकास प्राधिकरण में नियोजन का कार्य टॉउन प्लानर/प्रोफेशनल से ही कराया जाए।वही अनियोजित विकास भविष्य के लिए बड़ी समस्या के कारक होते हैं। विकास प्राधिकरण लैंड बैंक विस्तार के लिए ठोस प्रयास करें।नगरीय निकायों को वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए नियोजित प्रयास करना होगा। अगले 02 वर्ष में नजूल एवं अर्बन सीलिंग से सम्बंधित अभिलेखों को डिजिटाइज किया जाए।सभी नगरों का मास्टर प्लान तैयार कराएं। नगर निकायों में बिल्डिंग बायलॉज तैयार कराएं।वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत कर्मियों का स्थानांतरण किया जाए। विकास प्राधिकरणों की कार्यशैली में पारदर्शी बनाया जाए। प्रयागराज कुंभ 2019 को पूरी दुनिया ने देखा है। धार्मिक और आध्यात्मिक कलेवर के साथ कुम्भ के दौरान वैश्विक स्तर पर स्वच्छता, सुरक्षा व सुव्यवस्था का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। सबने सराहना की।अब जबकि महाकुंभ 2025 समीप है, तो लोगों की हमसे अधिक अपेक्षाएं होंगी। इसका ध्यान रखते हुए 2025 महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने की तैयारी की जाए।शुद्ध पेयजल हर नागरिक का अधिकार है। विगत 05 वर्ष में हुए अभूतपूर्व प्रयासों से अब विंध्य और बुंदेलखंड के घरों में भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति का सपना पूरा हो रहा है। सभी नगरीय निकायों में 'हर घर नल' के संकल्प के साथ चरणबद्ध रूप से कार्य किया जाए। अगले 02 वर्ष में कम से कम 50: आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब के 'अपना घर' का सपना पूरा किया है। इस अभियान में राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश की सराहना भी हुई है। अगले छह माह में 2.51 लाख नए आवास बनाने का लक्ष्य लेकर तेजी से कार्य करें। सभी नगर निगमों में इलेक्ट्रॉनिक बस सेवा शुरू करने की आवश्यकता है। इस संबंध में ठोस प्रयास किए जाएं। 14 नगरों में संचालित ई–बसों की फ्लीट को अगले 100 दिनों में दोगुना किया जाए। स्थानीय मांग के अनुसार नए रुट पर भी इस सेवा को शुरू कराएं। सिटी बस सेवा को मोबाइल एप से जोड़ने का प्रयास हो। इससे लोगों को सुविधा होगी।काशी, मेरठ, गोरखपुर, बरेली, झाँसी और प्रयागराज को मेट्रो रेल सेवा से जोड़ा जाना है। यथावश्यक कार्यवाही पूरी की जाए। 06 माह के भीतर गोरखपुर मेट्रो लाइट परियोजना के कार्यों का शुभारम्भ करने की तैयारी करें। काशी, मेरठ, बरेली, झाँसी और प्रयागराज में मेट्रो लाइट अथवा मेट्रो नियो परियोजनाओं के लिए प्री फिजिबिलिटी स्टडी/ डीपीआर तैयार कराएं। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश स्मार्ट हो रहा है। स्मार्ट सिटी परियोजना में समयबद्धता और गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। आगामी पांच वर्षों में 220 नगरों को स्मार्ट बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य करना होगा। अगले 100 दिनों के भीतर मिशन पिंक टॉयलेट के तहत महिलाओं की सुविधा के लिए 10,000 नए प्रसाधन कक्ष बनाये जाएं। नगरों में डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्य में सुधार की आवश्यकता है। अगले 100 दिनों में हमारा लक्ष्य हो कि सभी घरों तक इस सेवा का लाभ पहुंच जाए। ई–गवर्नेंस के तहत अगले 06 माह में सभी नगर निगमों में 100: ऑनलाइन म्यूटेशन सेवा देने का प्रयास हो। वाटर और सीवर कनेक्शन के लिए पूरी तरह ऑनलाइन सेवा डेवलप की जाए। इसी तरह, अगले दो वर्ष में सभी नगर निगमोंध्नगर पालिकाओं में शत– प्रतिशत ऑनलाइन म्यूटेशन की सुविधा होनी चाहिए। नगरीय निकायों में सभी नागरिक सेवाओं को पूर्णतः ऑनलाइन किया जाए।लोगों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। समस्त स्थानीय निकायों में ऑनलाईन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम विकसित करें। 01 लाख से अधिक आबादी वाले सभी नगरीय निकायों को 'गार्बेज फ्री' बनाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार करें। अगले 05 वर्ष में हमें यह कार्य पूरा कर लेना होगा। सभी नगर पालिकाओं ने सेप्टेज प्रबंधन की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। कान्हा गोशालाओं की संख्या बढ़ाई जाए। वाराणसी, मिर्जापुर और चित्रकूट में रोप–वे सेवा को यथाशीघ्र प्रारम्भ करने की कोशिश हो।

# तस्करी के लिए जा रहे एक दर्जन से अधिक गोवंश को पुलिस ने पकड़ा : तस्कर व चालक फरार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लखनऊ अयोध्या नेशनल हाईवे पर पटरंगा थाना क्षेत्र के गनौली कट के पास से एक ट्रक में लदे गोवंश तस्करी के लिए जा रहे थे।पटरंगा पुलिस ने गौवंश से भरे वाहन को पकड़ कर थाने ले आई जहां पर गोवांसों को जैसुखपुर की गौशाला में छोड़ दिया गया और वाहन को कब्जे में लिया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को पटरंगा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लखनऊ की ओर से अयोध्या जा रहे हैं एक डीसीएम में कुछ गोवंश तस्कर उन्हें लिए जा रहे हैं।सूचना मिलते ही पटरंगा पुलिस ने हाईवे चौकी के पास घेराबंदी कर दी।जब गौ तस्कर वाहन लेकर चौकी के पास पहुंचे तो पुलिस को देख कर वाहन लेकर भागे लेकिन पटरंगा पुलिस ने गोवंश से लदे डीसीएम का पीछा कर लिया और उन्हें थाना क्षेत्र के ही गनौली कट के पास जाकर रोक लिया। पुलिस को देख कर गौतस्कर वाहन को छोड़कर मौके से भाग निकले।वही हाइवे चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने गोवंशो को पुलिस चौकी ले आए वही ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया और ट्रक में 15 गोवंश को विकास खंड मवई के जैसुखपुर गौशाला में छुड़वा दिया गया है।इस घटना के संबंध में पटरंगा हाईवे पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना मिलने पर गोवंश से लदे डीसीएम का पीछा कर गनौली कट के पास से पकड़ कर गोवंश से लदे डीसीएम को पकड़ लिया गया।चालक डीसीएम छोड़ कर मौके से फरार हो गया।ट्रक को कब्जे में लेकर अज्ञात गौ तस्कर के विरुद्ध गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# चौथी लहर की आहट के बीच 120 लोगों के सैंपल जांच में 17 फीसदी में मिली एंटीबॉडी

वाराणसी ब्यूरो : कोरोना की चौथी लहर की आहट के बीच बीएचयू जूलॉजी विभाग की ओर से एक बार फिर से सीरो सर्वे किया जा रहा है। इसमें वाराणसी जिले के करीब 120 लोगों का सैंपल लिया गया है। जिसकी जांच के बाद जो परिणाम आया है उसके मुताबिक, 30 फीसदी लोगों में बनी एंटीबॉडी खत्म हो चुकी है। वहीं 46 फीसदी ऐसे लोग भी हैं जिनमें एंटीबॉडी जल्द ही खत्म हो जाएगी। पूर्ण रूप से केवल 17



फीसदी लोगों में ही एंटीबॉडी बची है। जूलॉजी विभाग के प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे ने बताया कि कोरोना की पहली लहर से लेकर से अबतक 5000 सैंपल का सर्वे हो चुका है। चौथी लहर की आहट के बीच वाराणसी में विभिन्न उम्र के 120 लोगों को सैंपल लिया गया। टेस्ट रिपोर्ट में पता चला कि इसमें से 30 फीसदी लोगों में एंटीबॉडी खत्म हो चुकी है। 46 फीसदी लोगों में खत्म होने की कगार पर और सात फीसदी में बहुत कम एंटीबॉडी बची है। पर्याप्त एंटीबॉडी सिर्फ 17 फीसदी लोगों में ही है। चौथी लहर का ज्यादा खतरा नहीं प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे ने बताया कि टीकाकरण के तीन माह के बाद एंटीबॉडी खत्म होने लगती है। वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके लोगों में एंटीबॉडी का लेवल छह माह तक बरकरार रहता है। उन्होंने बताया कि जब 70 फीसदी से ज्यादा लोगों में एंटीबॉडी खत्म हो जाएगी तब चौथी लहर की संभावना बढ़ जाएगी। फिलहाल लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते रहना चाहिए। घबराने जैसी कोई बात नहीं है।प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे की टीम में रुद्र पांडेय, प्रज्ज्वल प्रताप सिंह समेत 15 शोधकर्ता शामिल हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग (बीएचयू) के प्रो. गोपालनाथ ने कहा कि कोरोना का संक्रमण जिस तरह से बढ़ रहा है, इससे बचाव के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है। अगर सही से पालन किया जाए तो कोई परेशानी नहीं होगी। वाराणसी में स्वास्थ्य विभाग सतर्क, अभी मात्र पांच केस लखनऊ, गाजियाबाद सहित उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में कोरोना के बढ़ते संक्रमण और मास्क की अनिवार्यता के बाद वाराणसी में स्वास्थ्य महकमा सतर्क हो गया है। स्थानीय स्तर पर संक्रमण पर नियंत्रण के उद्देश्य से जांच का दायरा बढ़ाने के साथ ही कोविड अस्पतालों में जांच और इलाज की नए सिरे से तैयारियां कराने का निर्णय लिया गया है। कोरोना की पहली, दूसरी लहर के मुकाबले तीसरी लहर में मरीजों की संख्या कम रही। इसके पीछे अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण होना और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना मुख्य वजह रही। इस बीच कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चिकित्सक भी लोगों से सतर्कता बरतने की अपील कर रहे हैं। अभी जिले में कोराना के पांच केस हैं। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही जरूरत पड़ने पर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और अन्य जगहों पर कोरोना जांच कराई जाएगी। इसके लिए नए सिरे से टीम का गठन कर जिम्मेदारी दी जाएगी।

# खेत के ऊपर मेड़ एवं मेड़ के ऊपर पेड़ : " मेड़बन्दी विधि अपनाने से बढ़ रहा है भू–जल स्तर

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्रदेश सरकार भू–जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल को खेतों में रोकने के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है। भारतीय संस्कृति में पुरखों की सबसे पुरानी भू–जल संरक्षण विधि 'खेत के ऊपर मेड़, मेड़ के ऊपर पेड़' वर्षा बूंदे जहॉ गिरे, वहीं रोंके। जिस खेत में जितना पानी होगा, खेत उतना अधिक उपजाऊ होगा। मानव जीवन की सभी आवश्यकताएं जल पर निर्भर है तभी तो जल ही जीवन कहा गया है। मनुष्य को जब से भोजन की आवश्यकता पड़ी होगी हमारे पुरखों ने भोजन का आविष्कार किया होगा।एक स्थान पर फसल उगाया गया होगा, फसलें पैदा की गई होगी। जमीन समतल कर खेती योग्य बनाया गया होगा। खाद्यान्न पैदा करने के लिए खेत का निर्माण तय हुआ होगा, तभी से मेड़बन्दी जैसी जल संरक्षण की विधि का आविष्कार हुआ होगा। यह हमारे देश के पुरखों की विधि है जिनसे खेत खलिहान का जन्म हुआ है। जिन्होंने जल संरक्षण की परम्परागत प्रमाणित सरल सर्वमान्य मेड़बन्दी विधि का आविष्कार किया है।मेड़बन्दी से खेत में वर्षा का जल रूकता है, और भू–जल संचय होता है। इससे भू–जल स्तर बढ़ता है और गॉव की फसलों का जलभराव के कारण होने वाले नुकसान से बचाता है। भूमि के कटाव के कारण मृदा के पोषक तत्व खेत में ही बने रहते है, जो पैदावार के लिए आवश्यक है। नमी संरक्षण के कारण फसल सड़ने से खेत को परम्परागत जैविक खाद की ऊर्जा प्राप्त होती है। मेड़बन्दी से एक ओर जहॉ भूमि को खराब होने से बचाव होता है वहीं पशुओं को मेड़ पर शुद्ध चारा, भोजन प्राप्त होता है। इसे मेड़बन्दी, चकबन्दी, घेराबन्दी, हदबन्दी, छोटी मेड़बन्दी, बड़ी मेड़बन्दी तिरछी मेड़बन्दी सुविधानुसार जैसे अलग क्षेत्रों में अलग–अलग नामों से जाना जाता है। धान, गेहॅू की फसल तो केवल मेड़बन्दी से रूके जल से ही होती है। हमारे देश के पूर्वज जल रोकने के लिए खेत के ऊपर मेड़, मेड़ के ऊपर फलदार, छायादार औषधीय पेड़ लगाते थे। जिसकी छाया खेत में फसल पर कम पड़े जैसे बेल, सहजन, सागौन, करौंदा, अमरूद, नीबू, बेर, कटहल, शरीफा के पेड़ लगाये जा सकते हैं। यह पेड़ इमारती लकड़ी आयुर्वेदिक औषधियों, फलों के साथ अतिरिक्त आय भी देती है। इन पेड़ों की छाया खेत में कम पड़ती है। इनके पत्तों से खेत को जैविक खाद मिलती है, पर्यावरण शुद्ध रहता है। मेड़ के ऊपर हमारे पुरखे अरहर, मूंग, उर्द, अलसी, सरसों, ज्वार, सन जैसी फसलें पैदा करते रहे हैं जिन्हें पानी कम चाहिए। जमीन सतह से ऊपर हो, मेड़ से अतिरिक्त उपज की फसल ले सकते हैं। मेड़बन्दी से उसर भूमि को उपजाऊ बनाया जा रहा है। जहॉ–जहॉ जल संकट है उसका एकमात्र उपाय है वर्षा जल को अधिक से अधिक खेत में मेड़बन्दी के माध्यम से रोकना चाहिए।मेड़बन्दी के माध्यम से खेत में वर्षा जल रोकने के लिए देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश भर के प्रधानों को पत्र लिख मेड़बन्दी कर खेत में वर्षा बूंदों को रोकने कीअपील की है। प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि परम्परागत विधियों से भू–जल संरक्षण करें। जिससे हमारी भूजल सम्पदा बनी रहे। हमारे देश में बड़ी संख्या में तालाब, कुओं, निजी ट्यूबबेल के सिंचाई साधन होने के बावजूद भी कई हजारों हेक्टे0 भूमि की खेती वर्षा जल पर निर्भर है। वर्षा तो हर गॉव में होती है, वर्षा के भरोसे खेती होती है। खासकर बुन्देलखण्ड के इलाके में पहाड़ी, पठारी क्षेत्र के खेतों में मेड़बन्दी के माध्यम से जल रोककर उपजाऊ बनाया जा रहा है। किसान ड्रिप पद्धति, टपक पद्धति, फुहारा पद्धति किसी भी पद्धति से फसल की सिंचाई करें पानी तो सभी विधि को चाहिए, इसलिए जल संरक्षण जरूरी है।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों के लिए खेत का पानी खेत में रोकने पर बल दिया है। सामुदायिक आधार पर जल संरक्षण की प्राचीन परम्परा हमारे देश में रही है, सिंचाई के दो ही साधन है या तो भू–जल या वर्षा जल। भू में जब जल होगा, तभी नवीन संसाधन चलेंगे। आज भूमिगत जल पर जबरदस्त दबाव है। भू–जल नीचे चला जा रहा है। इसलिए भूजल का संरक्षण मेंडबन्दी से किया जा रहा है। यदि वर्षा बूंदों को पकड़ना है तो मेड़बन्दी जरूरी है यह कोई बड़ी तकनीक नहीं है। चौड़ी ऊॅची मेड़ अपनी मेहनत और श्रम से खेत में बनाई जा सकती है। जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी और भूजल स्तर भी बढेगा।

# स्कूल चलो अभियान का विधायक ने किया शुभारंभ

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के शिक्षा क्षेत्र रुदौली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमुनियामऊ में स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ विधायक रुदौली राम चन्द्र यादव ने मंगलवार को किया। विधायक ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के कारण बच्चे शैक्षणिक स्तर पर दो साल काफी पीछे रहे, जिसे गति देने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे आयोजन बच्चों को प्रेरित करने के लिए होते रहना चाहिए।इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक राम चन्द्र यादव,डीआईओएस राकेश कुमार,बीएसए संतोष देव पाण्डेय ने संयुक्त रूप से सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नवनिर्वाचित विधायक राम चन्द्र यादव का स्वागत समारोह भी शिक्षको द्वारा आयोजित किया गया।विद्यालय के शिक्षको द्वारा मुख्यातिथि राम चन्द्र यादव,विशिष्ट अतिथि डीआईओएस राकेश कुमार, बीएसए संतोष देव पाण्डेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नील मणि त्रिपाठी सहित समस्त अतिथियों का माल्यार्पण कर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।रुदौली विधानसभा से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक राम चन्द्र यादव ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अभिभावकों से भूमिका निभाने की अपील की। विधायक ने कहा कि लोगों में जागरूकता व जनप्रतिनिधियों में तत्परता की कमी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा स्कूल चलो अभियान को धार दी गई है।उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि अपने घर के बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें।उन्होंने इस आयोजन के लिए विद्यालय स्टाफ की सराहना की। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि इस मुहिम का लक्ष्य है किसी भी कारण से स्कूल छोड़ चुके बच्चों को वापस विद्यालय तक पहुंचाना. यूपी सरकार के स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है।वही बीएसए संतोष देव पाण्डेय ने छात्रों व अभिभावकों का उत्साहवर्धन किया व शिक्षा के लिए सरकारी विद्यालय की सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय स्टाफ के कार्यो की प्रशंसा की व हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नील मणि त्रिपाठी ने कहा कि 21 वी शताब्दी में किसी भी स्तर पर सरकारी विद्यालय निजी विद्यालयों से पीछे नही है।वर्तमान समय मे लगातार सरकारी विद्यालय शिक्षा की चुनौतियों का सामना करते हुए नए कीर्तिमान बना रहे है।उन्होंने अपने संबोधन में विधायक को जीत की हैट्रिक के लिए बधाई दी। इस दौरान डीजे पर स्कूल चलो अभियान के विभिन्न्न गाने पर बच्चों ने आंनद लिया।इस कार्यक्रम में मो कासिम प्रधनाध्यापक,श्रीमती हमीदुल ग्राम प्रधान,अविनाश पांडेय,अलका अग्रवाल, नील मणि तिवारी,तृप्ता कुमारी,सतेंद्र पाल सिंह,रामानुज तिवारी,मो गयास, श्री प्रकाश पाठक, शकील अहमद,आनंद सिंह,नगेन्द्र सिंह,संतोष झा सहित अध्यापक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# बाल–सुधार गृह से किशोर फरार : पहरे पर बैठे थे होमगार्ड : तीनों ने चकमा देकर कूदी दीवार : अब होगी ये बड़ी कार्यवाही

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : मुजफ्फरनगर में बाल सुधार गृह से तीन किशोरों के भागने की अधिकारियों को जानकारी देर से मिली। मामला दबाने की कोशिश की गई। बाल सुधार गृह के अधिकारियों ने पुलिस को भी सूचना कई घंटे बाद दी। यहीं कारण रहा कि पुलिस अधिकारी भी शाम के समय जानकारी करने के लिए पहुंचे। होमगार्ड बैठे रहे और किशोर फरार हो गए। आर्यपुरी के बाल सुधार गृह में आइसोलेशन रूम भवन में ऊपरी मंजिल में बनाया हुआ है। इन तीनों किशोरों को 13 अप्रैल को यहां लाया गया था, तो उन्हें आइसोलेशन रूम में रखा गया था। नीचे भवन में पहले से ही 31 किशोर हैं। सुरक्षा के मद्देनजर अन्य सभी किशोरों को तीनों से मिलने नहीं दिया जाता था। मंगलवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे तीनों किशोरों को देखा गया था, इसके बाद यह तीनों दिखाई नहीं दिए। बताया गया कि वहां मौजूद बाल सुधार गृह के केयरटेकर आशाराम ने कोई सूचना किसी को नहीं दी। लगभग तीन बजे शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस के आला अधिकारी भी शाम लगभग छह बजे बाल सुधार गृह पहुंचे। सूचना मिलने पर एसपी सिटी अर्पित विजय वर्गीय, सीओ मंडी हिमांशु गौरव, शहर कोतवाली प्रभारी आनंद देव मिश्र पुलिस टीम के साथ जानकारी करने के लिए पहुंचे थे। लगभग एक घंटा अधिकारियों ने बाल सुधार गृह के केयरटेकर आशाराम व अन्य कर्मचारियों से जानकारी ली। इसके बाद एसपी सिटी ने शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अभी तहरीर आई नहीं है। अबसे पहले भी भाग चुके हैं किशोर इस बाल सुधार गृह से अब से पहले भी किशोरों के भागने के मामले हो चुके हैं। शहर कोतवाली में इसका रिकॉर्ड है। विक्की त्यागी की हत्या करने का आरोपी सागर बहावड़ी भी किशोरावस्था में यहां से भागा था। होमगार्ड ने भी नहीं बताया बाल सुधार गृह में केयरटेकर के अलावा तीन होमगार्ड की ड्यूटी सुरक्षा के मद्देनजर यहां पर रहती है। घटना सुबह हो चुकी थी, लेकिन होमगार्ड ने भी इस बारे में अपने अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को कोई जानकारी नहीं दी। सिखेड़ा–चरथावल में दबिश एसपी सिटी अर्पित विजय वर्गीय के आदेश पर तीनों किशोरों के घरों पर पुलिस ने दबिश दी है, लेकिन अभी वह मिल नहीं पाए। पड़ोसी दुकानदारों को भी नहीं लगी भनक पड़ोसी दुकानदारों को भी मामले की जानकारी नहीं हो सकी। दुकानदारों का कहना था कि पुलिस के पहुंचने पर पता चला। ज्यादा ऊंची नहीं है दीवार बाल सुधार गृह की लगभग बारह फीट ऊंची दीवार भवन की ऊपरी मंजिल से सटी है। बराबर में खाली जगह है। वहां ऊंचा पेड़ भी है। इसी का फायदा उठाकर तीनों किशोर फरार हो गए। हालांकि तीनों किशोरों में से किसी का कोई सुराग अब तक नहीं लग सका है। फिलहाल उनकी तलाश की जा रही है।

# जिले में ब्लॉक हेल्थ मेला कई ब्लाको पर हुआ सम्पन्न

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता) जनपद में आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में ब्लॉक मवई और मिल्कीपुर, पूराबाजार में ब्लॉक हेल्थ मेला संपन्न हुआ। ब्लॉक हेल्थ मेला में विभिन्न विभागों की योजनाओं व सेवाओं का लाभ सभी आमजन को हासिल हो सके इसके लिए सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए। ब्लॉक मवई में ब्लॉक हेल्थ मेला का उदघाटन माननीय विधायक रुदौली राम चन्द्र यादव द्वारा किया गया। विधायक द्वारा मेले में सभी विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया गया तथा उन्होंने मेले में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत प्रतिभागियों को स्पोर्ट्स किट का वितरण, संचारी रोग नियंत्रण के लिए किट वितरण किया। विधायक ने बताया कि अब तक आम और गरीब आदमी अपने और परिवार के ईलाज के लिए बहुत परेशान होता था और क्षेत्र के नजदीक अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं नही मिल पाती थी। परन्तु अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाए मिलने लगी है जिसमें स्वास्थ्य मेले जैसे आयोजन और मेले में अन्य विभागों के शामिल होने से लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ साथ अन्य विभागों की भी सेवाएं मिल रही हैं। आज मेले में कुल 795 लोगों ने सेवाएं प्राप्त की जिनमे 425 पुरुष और 317 महिलाएं,53 बच्चे थे।10 बच्चों का नियमित टीकाकरण, 41लोगों का कोविड टीकाकरण,78 लैब जांच,21 का नेत्र जांच,82 की गैर संचारी रोग की स्क्रीनिंग, 35 लोगों ने आयुर्वेदिक चिकित्सा और 26 ने होम्योपैथ चिकित्सा का लाभ लिया,71 को एएनसी,119 ने परिवार नियोजन के साधन प्राप्त किया,75 को परिवार नियोजन के लाभों पर परामार्श की सेवाऐं दी गई। मेले में आयुष्मान योजना के तहत 34 लोगों के कार्ड बने तथा 365 को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।20 लाभार्थियों के डिजिटल हेल्थ कार्ड बनाए गए। ब्लॉक मिल्कीपुर में मेले का उदघाटन विधायक मिल्कीपुर अवधेश प्रसाद द्वारा किया गया। विधायक द्वारा मेले में प्रदान की जा रही सेवाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया और मेले में फिट इंडिया मूवमेंट केतहत खेल किट और फाइलेरिया किट का वितरण लाभार्थियों को किया।मेले में सभी विभागों द्वारा अपने विभागों की योजनाओं का लाभ उपस्थित समुदाय को प्रदान किया गया। मेले में कुल 875 लोगों जिनमे 375 पुरुष,453 महिला 46 बच्चे ने लाभ लिया।292 लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सको से लाभ लिया, 43 ने आयुर्वेदिक चिकित्सको,49 ने यूनानी चिकित्सकों,38 ने होम्योपैथ चिकित्सकों से लाभ लिया।17 के आयुष्मान गोल्डन कार्ड ,14 महिला और 18 बच्चों का नियमित टीकाकरण,63 की दांत की जांच, 38 नेत्र जांच, खाद्य सुरक्षा विभाग ने नमूनों की जांच की और लोगों को जागरूक किया, बाल विकास विभाग ने 18 लाभार्थियों को पुष्टाहार, 6 की गोद भराई और 5 बच्चों का अन्न प्रासन कराया। अन्य विभागों द्वारा भी आमजन को अपने विभागों की योजनाओं का लाभ दिया। ब्लॉक हेल्थ मेला को सफल बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दोनो ब्लाकों का भ्रमण किया और आमजन से अपील की कि जनपद में आयोजित होने वाले ब्लॉक हेल्थ मेला में ज्यादा से ज्यादा शामिल होकर स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ अन्य विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें। मेला के सफल संचालन में जनपद व ब्लॉक स्तर के सभी संबंधित अधिकारीयों और कर्मचारियों ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।